दैनिक भास्कर रांची 20-12-2022

बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए 9000 छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन, सीट आवंटन लिस्ट आज

काउंसिलिंग... चयनित स्टूडेंट्स 21 से 25 दिसंबर तक ले सकेंगे एडमिशन

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

राज्य के 136 बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए रांची यूनिवर्सिटी में काउंसिलिंग काउंसिलिंग हो रही है। फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग की तिथि सोमवार यानि 19 दिसंबर को समाप्त हो गई। 13500 सीटों के विरुद्ध फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग में 9000 छात्रों ने बीएड कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्रों का एडमिशन के लिए सीट आवंटन लिस्ट मंगलवार को जारी कर दिया जाएगा। इस लिस्ट में आवेदक और संबंधित बीएड कॉलेज का नाम रहेगा, जहां एडमिशन लेना है। काउंसिलिंग के इनचार्ज डॉ. राजकुमार शर्मा ने बताया कि लिस्ट वेबसाइट पर मंगलवार को शाम पांच बजे अपलोड कर दिया जाएगा। वेबसाइट का लिंक rubedcounselling.in है। चयनित स्टूडेंट्स 21 से 25 दिसंबर तक संबंधित कॉलेज में एडमिशन लेंगे। आरयू प्रशासन द्वारा बीएड कॉलेजों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के बाद एडमिशन लेने के लिए कहा है। बताते चलें कि बीएड कॉलेजों में जितनी एडमिशन सीटें है, उससे लगभग 4.5 हजार कम अभ्यर्थियों ने फर्स्ट राउंड काउंसिलिंग में रजिस्ट्रेशन कराया था।

सेकेंड राउंड काउंसिलिंग कल से

रांची विवि प्रशासन द्वारा सेकेंड राउंड काउंसिलिंग 21 दिसंबर से शुरू की जाएगी। इस काउंसिलिंग प्रक्रिया में झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद (जेसीईसीबी) द्वारा आयोजित एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स शामिल हो सकते हैं। बताते चलें कि चल रही काउंसिलिंग की वीसी प्रो. एके सिन्हा मॉनिटरिंग कर रहे हैं।